# भ्रूण लिंग परीक्षण का कार्य कर रहा सिसोदिया क्लीनिक किया शील्ड

### डॉक्टर दंपति की डिग्री संदिग्ध, दोनों को पुलिस के हवाले किया, मामला होगा दर्ज

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के कैलारस थाना अंतर्गत पहाड़गढ़ रोड पर संचालित सिसोदिया क्लीनिक में डॉक्टर द्वारा गैर कानूनी तरीके से भ्रूण लिंग परीक्षण किया जा रहा था, जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पकड़ा गया। इसके बाद टीम द्वारा क्लीनिक को शील्ड कर दिया गया है और डॉक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज करने पुलिस कार्रवाई की जा रही है। मौके पर से अल्ट्रासाउंड की मशीन गायब मिली है, जबकि डिलीवरी का पूरा सामान एवं रिपोर्ट तथा फॉर्मेट के चार पांच पैड टीम द्वारा जप्त किए गए हैं। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एस आर मिश्रा द्वारा बताया गया कि काफी समय से सूचना मिल रही थी कि पहाड़गढ़ रोड पर किराए की बिल्डिंग में संचालित सिसोदिया क्लीनिक पर भ्रूण लिंग परीक्षण किया जा रहा है। उक्त सूचना पर मंगलवार की दोपहर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्री मिश्रा, जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ आनंद बंसल एवं डॉ जितेंद्र कुशवाह की टीम ने सिसोदिया क्लिनिक पर कार्रवाई की तो वहां डॉक्टर जितेंद्र सिसोदिया एवं उसकी पत्नी पायल सिसोदिया मौके पर मिली। जांच पड़ताल करने पर वहां अल्ट्रासाउंड मशीन गायब थी। टीम द्वारा दोनों की डिग्री के संबंध में पूछताछ की गई तो डॉक्टर जितेंद्र सिसोदिया ने अपने आप को बीएचएमएस बताया, जबकि पत्नी पायल सिसोदिया भी वहां डॉक्टर बनकर कार्य कर रही थी, लेकिन उसके द्वारा जीएनएम का कोर्स किया गया है और डॉक्टर की कोई डिग्री नहीं है। पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि एमबीबीएस डॉसुधा बंसल उनके क्लीनिक पर आकर अल्ट्रासाउंड करती हैं। टीम को क्लीनिक से डिलीवरी का पूरा सामान मिला है, तो वहीं तमाम पेशेंट की रिपोर्ट एवं अल्ट्रासाउंड के लिए भरा जाने वाला फॉर्मेट के 4-5 पैड भी मिले हैं।डॉ मिश्रा ने बताया कि डॉक्टर जितेंद्र और उसकी पत्नी पायल दोनों आगरा के रहने वाले हैं और प्रतिदिन यहां आकर गैर कानूनी कार्य कर रहे हैं। टीम द्वारा डॉक्टर दंपति को पुलिस के हवाले कर दिया गया है और उनके विरुद्ध मामला दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है।



## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन



**निज संवाददाता**

मुरैना। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा जौरा ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप सिंह तोमर को सोंपा। मंगलवार को आधा सैकड़ा से अधिक प्रमुख पेंशनर्स ने एसडीएम तोमर को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेश सरकार द्वारा हम पेंशनरों की जायज मांगों को स्वीकृत नहीं किया जा रहा है, जिससे हम पेंशनर्स वह हमारे परिजन परेशान हो रहे हैं। छटवें वेतनमान में पेंशन पुनरीक्षण का एरियल 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की अवधि का 32 माह का भुगतान नहीं किया है। मध्य प्रदेश में छटवां वेतनमान 1 जनवरी 2006 से प्रभावित है, लेकिन पेंशनर्स को 1 सितंबर 2009 से भुगतान दिया है। भारत सरकार द्वारा भी अधिसूचित छटवे केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं को राज्य के कर्मचारियों के लिए लागू करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन 1 जनवरी 2006 से पूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन भोगियों परिवार पेंशन भोगियों की पेंशन परिवार पेंशन का समेकन मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग के आदेश 3 अगस्त 2009 के अनुसार किया जाना है।

# दामाद ने ससुराल से चुराऐ रुपए एवं आभूषण पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज एसपी को दिया ज्ञापन

**निज संवाददाता**

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिकारपुर में रहने वाली एक महिला न्यायालय में तारीख पेशी पर गई हुई थी, तभी उसका दामाद ताला तोड़कर घर में घुस गया और नगदी रुपए सहित सोने के आभूषण एवं समूह के कागज चोरी कर ले गया। सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से परेशान महिला मंगलवार को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और कार्यवाही की मांग की।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शिकारपुर निवासी राजेश्वरी पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश किरार ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया कि 27 जून 2025 को उसका पुत्र मोहन उसकी पुत्री नीतू को लेने ग्वालियर गया था, क्योकि उसके पति व अन्य ससुरालीजन द्वारा उसकी मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया था। राजेश्वरी ने बताया कि पुत्री नीतू का भरण पोषण का केस मुरैना न्यायालय में चल रहा है। उक्त मामले में तारीख पेशी 27 जून 2025 होने से वह घर का ताला लगाकर कोर्ट मुरैना में तारीख पर गई हुई थी। इस बीच में उसका दामाद गोविन्द पुत्र नन्दकिशोर द्वारा प्रार्थीया के घर का ताला तोड़कर घर में रखा 82,000 रूपये, सोने के कान के रूई धागा, 12 साड़िया और समूह के कागज लेकर चला गया है, जब प्रार्थीया अपने घर पर गई तो घर का ताला टूटा पाया। आस पास के लोगो से पूछा तो उन्होंने बताया कि दामाद गोविन्द ताला तोड़कर घर में गया था। उक्त दामाद के प्रार्थीया के घर आने व चोरी करके ले जाने की घटना गली में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरो में रिकार्ड हुयी है। राजेश्वरी द्वारा घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना सिविल लाइन मुरैना में की, परन्तु पुलिस ने रिपोर्ट नही लिखी है।



# महापौर ने प्राप्त शिकायतों के तत्काल निराकरण के निर्देश सहायक आयुक्त को दिए

**निज संवाददाता**

मुरैना। प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम सभागार कक्ष में आयोजित होने वाली जनता दर्शन सुनवाई में मंगलवार को 21 शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों को जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश महापौर शारदा सोलंकी ने नगर निगम के सहायक आयुक्त लाल सिंह डोडिया को दिए। महापौर ने कहा कि जनता दर्शन सुनवाई में जो भी आवेदक आ रहे हैं। उनकी समस्याओं को तत्काल सुनकर मौके पर टीम भेज कर समस्याओं का निराकरण संबंधित शाखा से करायें अन्यथा संबंधित शाखा के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को कुल 21 आवेदन जनता दर्शन सुनवाई में अपनी शिकायत ले कर पहुंचे, जिसमें पेंशन, विद्युत, जलप्रदाय, आवास, स्वास्थ्य व निर्माण शाखा के अलावा अतिक्रमण की शिकायत जनता दर्शन सुनवाई में प्राप्त हुई। सहायक आयुक्त लाल सिंह डोडिया ने सभी शाखा के नोडल प्रमुख को निर्देशित किया कि वह तत्काल जनता दर्शन में प्राप्त हुई शिकायत समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें, मंगलवार को फिर से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। श्री डोडिया ने कहा कि निर्धारित समय पर जिस शाखा द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया उस विभाग संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता दर्शन सुनवाई में नगर निगम वार्ड पार्षद सहित समस्या शाखा के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



## डेढ़ माह बाद भी भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकी पुलिस, एसपी को दिया ज्ञापन

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत पिपरई गांव में एक किसान के यहां से डेढ़ महापूर्व नामजद चोर अपने दो अन्य साथियों के साथ 70 वर्षीय वृद्ध की मारपीट कर दो लाख रुपए से अधिक कीमत की तीन भैंस खोलकर ले गए, जिसकी रिपोर्ट अभी तक पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित किसान ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीसिंह पुत्र कम्मोदी लाल जाटव उम्र 70 निवासी पिपरई सरायछौला 1 जून 2025 की रात्रि घर के बाहर सो रहे थे और भैंस आंगन में बंधी हुई थी, तभी आरोपी लाल सिंह धुआँराम का पुरा अपने दो अन्य साथियों के साथ आया और भैंस खोल कर ले जाने लगा, जब हरि सिंह ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर डाली और कहा कि भैंस नहीं देंगे, चाहे तो रुपए ले लो। इसके बाद आरोपी भैंस लेकर भाग निकले। घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने सराय छोला थाना पहुंचे, लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है और ना ही कोई कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सीएम हेल्पलाइन जून माह की ग्रेडिंग में वन ग्रेड प्राप्त कर बनाया रिकॉर्ड

**निज संवाददाता**

कैलारस। मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी सीएम हेल्पलाइन कार्यक्रम की जून माह की ग्रेडिंग में तहसील कैलारस ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी अरविन्द माहौर के मार्गदर्शन में तहसीलदार कैलारस नरेश शर्मा के नेतृत्व में तहसील कैलारस ने जून माह की 88 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निराकरण कर वन ग्रेड प्राप्त की है.। तहसील कैलारस वन ग्रेड प्राप्त करने वाली जिले की एकमात्र तहसील बनी है। विदित हो कि तहसीलदार नरेश शर्मा ने गत 04 जुलाई को तहसीलदार कैलारस का पदभार संभाला था, उस समय तहसील कैलारस जिले में अंतिम स्थान पर थी। तहसीलदार कैलारस नरेश शर्मा ने विगत 15 दिवस में कैलारस के सभी पटवारियों को कृषकों की समस्याओं का व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकरण करने के निर्देश दिए, साथ ही स्वयं भी प्रत्येक कृषक से स्वयं बात की तथा कई वर्षो से लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया। जिसके परिणामस्वरुप तहसील कैलारस ने पिछले 15 दिवस में 200 से अधिक शिकायतों का संतुष्टि से निराकरण करने में सफलता प्राप्त की तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तहसीलदार कैलारस नरेश शर्मा ने इस सफलता का श्रेय तहसील कैलारस के समस्त पटवारियों, राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्र की जनता को दिया है। ज्ञाताव्य हो कि तहसीलदार नरेश शर्मा ने इससे पूर्व भी शासन के महत्वकांक्षी राजस्व महाभियान योजना के तीनों चरणों में भी संभाग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया था।



# मोटर यातायात कर्मकार अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीयन कराने बस नियोजकों की बैठक संपन्न

**निज संवाददाता**

मुरैना। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार मोटर यातायात कर्मकार अधिनियम 1961 के प्रवर्तन हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में श्रम विभाग द्वारा परिवहन विभाग एवं परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार के समन्वय से जिले में संचालित मोटर परिवहन के नियोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रम अधिकारी सुश्री नम्रता सोनी ने बताया कि नियोजकों द्वारा मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के तहत पंजीयन कराया जाना चाहिये। उनके द्वारा नियोजित किए गए कर्मकारों को श्रम अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, वेतन भुगतान, अधिनियम का पालन कराया जाने के साथ-साथ कर्मकारों के स्वास्थ्य परीक्षण जैसे आंखों की जांच, स्वास्थ्य आदि की जांच समय-समय पर कराए जाने की समझाईश भी दी गई। बैठक में कर्मकारों को विभिन्न सुविधाएं जैसे कि न्यूनतम वेतन, निश्चित कार्य के घंटे, विश्राम कक्ष, कैंटीन, चिकित्सा सुविधा, विश्राम अन्तराल, वर्दी, साप्ताहिक अवकाश आदि की उपलब्धता मुहैया कराए जाने पर भी चर्चा श्रम अधिकारी सुश्री नम्रता सोनी द्वारा की गई। साथ ही उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज की भी जानकारी प्रदान की गई।



# लोकल यूथ सर्वेयर महासंघ ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**निज संवाददाता**

मुरैना। मंगलवार को लोकल यूथ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी एवं उपाध्यक्ष राजीव कुमार बघेल के नेतृत्व में लोकल यूथ सर्वेयर की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के कृषि मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा।ज्ञापन में बताया गया है कि हम सभी लोकल यूथ (सर्वेयर) ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2024, रबी 2025, जायद 2025, फॉर्मर आईडी, आरओआर केवाईसी पूरी तत्परता एवं ईमानदारी से विकट परिस्थितियों के बाबजूद भी समय सीमा में पूर्ण किया है और भविष्य में भी शासन द्वारा प्रदाय कार्य को पूरी तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करेंगे, परंतु हम लोकल यूथ हमारे रोजगार की अनिश्चितता के अभाव में मानसिक एवम आर्थिक रूप से संकटग्रस्त हैं। हम इन्सेंटिव के आधार पर अपने परिवार का पालन पोषण करने में असमर्थ हैं। लोकल यूथ महासंघ ने मांग की है कि लोकल यूथ को नियमित रोजगार एवं मासिक मानदेय प्रदान किया जावे, प्रत्येक लोकल यूथ को नियुक्ति लेटर जारी किया जावे, लोकल यूथ को राजस्व सहायक का दर्जा प्रदान किया जावे, डिजिटल क्रॉप सर्वे के प्रत्येक मौसम में लोकल यूथ की नवीन नियुक्ति के आदेश जारी करने की प्रथा को समाप्त किया जावे व लोकल यूथ को बिना किसी ठोस कारण तथा बिना किसी नोटिस के ना हटाया जावे।



# सेवा से शिक्षा: आचार्य आनंद टीम ने ली 200 बच्चों के शिक्षण की जिम्मेदारी

**निज संवाददाता**

अम्बाह। अंचल के जरूरतमंद परिवारों के 200 से अधिक बच्चों को अब कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल, डॉट पेन, स्केच कलर्स का अभाव नहीं होगा। अब इन बच्चों की पढ़ाई कॉपी और स्टेशनरी के अभाव में बंद नहीं होने दी जाएगी, यह संकल्प अचार्य आनन्द टीम द्वारा लिया गया है। आचार्य आनंद क्लब के पदाधिकारीयों द्वारा मंगलवार को इसी संकल्प के तहत भरतपुरा शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को कॉपी सहित स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। सामग्री का वितरण समाजसेवी एवं आचार्य आनंद क्लब के संस्थापक, मास्टर ट्रेनर सुधीर आचार्य ने वितरित करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को पूरे शैक्षणिक सत्र में काफी किताब और स्टेशनरी संबंधी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर आनंद विभाग के जिला समन्वयक बालकृष्ण शर्मा और आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई एवं सह सचिव महेंद्र सखवार और स्कूल का क्षेत्र के स्टॉफ एवं हेड मास्टर विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष अरविंद मावई ने बताया कि आचार्य आनंद टीम के सदस्य बीच में आकर उनसे जरूरत की शैक्षणिक सामग्री के बारे में पूछते रहेंगे और उपलब्ध भी कराते रहेंगे।



